LIGHT AND LEARNING

University in News on 03 September 2024

UNIVERSITY OF LUCKNOW · State University Category 32 · University Category 97 · Law Category 23 · NIRF Ranking · NAAC A++ Accreditation (3.55/4.00) · CATEGORY 1 UNIVERSITY

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

उद्यमिता कौशल विकसित कर आगे बढ़ें

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय नवीन परिसर में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को फार्मेसी संकाय के नए भवन और द्वारों का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सबको सरकारी नौकरी मिले, ऐसा संभव नहीं है। इसलिए छात्र उद्यमिता कौशल विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ें। इससे वे रोजगार सृजन में अपना योगदान देंगे।

राज्यपाल ने कहा कि लविवि अपनी शिक्षा के दम पर तरक्की के नए अध्याय लिख रहा है। कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि फार्मेसी भवन में 13 शोध प्रयोगशालाएं,

लविवि में फार्मेसी संकाय के उद्घाटन के बाद भवन का मॉडल देखतीं राज्यपाल। संवाद

लविवि के नवीन परिसर में फार्मेसी संकाय के नए भवन और द्वारों का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

आठ कक्षाएं, एक कंप्यूटर लैब, एक ऑडिटोरियम, एक मशीन रूम, दो लेक्चर थिएटर, एक स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर, एक फैकल्टी रूम और एक एनिमल रूम सहित आधुनिक सुविधाएं हैं। इस मौके पर कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी, डीन एकेडमिक प्रो. गीतांजलि, प्रो. केया पांडेय, डॉ. अनित्य गौरव आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

दो शिक्षिकाओं को बनाया सहायक प्रोवोस्ट

लखनऊ। लविवि की दो शिक्षिकाओं को छात्रावास का सहायक प्रोवोस्ट नियुक्त किया गया है। कुलपति के अनुमोदन के बाद कुलसचिव ने सोमवार को जारी आदेश में वेस्टर्न हिस्ट्री विभाग की शिक्षक डॉ. शालिनी पाठक को कैलाश छात्रावास और हिंदी विभाग की डॉ. आकांक्षा को तिलक छात्रावास का सहायक प्रोवोस्ट बनाया है। (संवाद)

एलयू दीक्षांत में चार तक भेजें प्रस्ताव

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में 67वें दीक्षांत समारोह के मद्देनजर 10 से 15 सितंबर तक दीक्षांत सप्ताह का आयोजन होगा। इसके लिए सभी विभागों को चार सितंबर तक अपना प्रस्ताव सांस्कृतिकी और सूचना निदेशक को भेजना होगा। उसके बाद ही कोई प्रस्ताव नहीं स्वीकार किया जाएगा। कुलसचिव की ओर से निर्देश जारी कर दिए गए हैं। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि दीक्षांत सप्ताह के तहत 10 से 15 सितंबर तक सभी विभागों में खेल, संस्कृति, वाद विवाद, नृत्य और संगीत जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करना है।

एलयू: एमएड का पहला सीट अलॉटमेंट आज

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के तहत एमएड का पहला सीट आवंटन मंगलवार को किया जाएगा। अभ्यर्थी एलयू की आधिकारिक वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर अपना सीट आवंटन देख सकेंगे इस संबंध में प्रवेश समन्वयक की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव का कहना है कि एमएड का पहला अलॉटमेंट जारी होगा। अभ्यर्थी अपने लॉगिन आईडी और पासवर्ड के जरिए सीट अलॉटमेंट देख सकेंगे।

i-NEXT PAGE 5

प्रतिबद्धता के साथ काम करें: राज्यपाल

लखनऊ, संवाददाता। कमिटमेंट के साथ कार्य करने पर बदलाव अवश्य आता है। जब हम कुछ नया सोचते और करते हैं तभी हम आगे बढ़ सकते हैं। आज के समय में टेक्नोलॉजी रोज बदल रही है इसलिए सभी को भी अपने आप को बदलने की आवश्यकता है। ये बातें राज्यपाल व कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहीं। वह लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नव निर्मित भवन और दो द्वारों के उद्घाटन में मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने फार्मेसी संस्थान के नए भवन और दो द्वारों का उद्घाटन किया।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि एलयू ने शिक्षा और अनुसंधान में अपने उल्लेखनीय योगदान से पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि देश को विकसित व आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में हम तेजी से अग्रसर हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नव निर्मित भवन और दो द्वारों का राज्यपाल ने सोमवार को उद्घाटन किया।

डिजिटल लाइब्रेरी के लिए 100 करोड़ रुपये

राज्यपाल ने बताया कि बजट में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के लिए 1,814.94 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। डिजिटल लाइब्रेरी के लिए पहली बार 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

न्यू कैंपस में हॉस्टल, ऑडिटोरियम: कुलपति

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि द्वितीय परिसर में लड़कों के हॉस्टल का निर्माण, एक मूट कोर्ट, टैगोर लाइब्रेरी का विस्तार और फार्मेसी संकाय में एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण का लक्ष्य है।

PIONEER PAGE 4

लक्ष्य बड़ा रखने से सफलता बड़ी मिलती है: राज्यपाल

● राज्यपाल ने एलयू के द्वितीय परिसर स्थित इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नवनिर्मित भवन एवं दो द्वारों का किया लोकार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नव निर्मित भवन का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय में नवनिर्मित दो द्वारों का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के शैक्षिक विकास की सराहना करते हुए कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय योगदान से एक विशिष्ट पहचान बनाई है।

राज्यपाल ने अपने सम्बोधन में भारत को 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उठाए जा रहे महत्वपूर्ण कदमों की चर्चा करते हुए कहा कि देश को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में हम तेजी से अग्रसर हैं। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए इस वर्ष के बजट में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। शिक्षा हेतु 1.48 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो अब तक का सर्वाधिक है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के लिए 19,025 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे विद्यार्थी जो किसी सरकारी योजना के पात्र नहीं हैं, उनके लिए प्रतिवर्ष 1 लाख विद्यार्थियों को 10 लाख रुपये तक के ऋण की ब्याज में छूट का प्रावधान किया गया है। अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत भारत की शीर्ष कंपनियों में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। इसके साथ ही, मॉडल कौशल ऋण योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 25 हजार विद्यार्थियों को 7.5 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। राज्यपाल जी ने बताया कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) के तीन नए केंद्र स्थापित करने के लिए 255 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

JAGRAN CITY PAGE III

'बजट के अनुसार योजनाओं को आकार दें विश्वविद्यालय'

लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय कैंपस के **फार्मास्यूटिकल साइंसेज भवन का** आनंदीबेन पटेल ने किया लोकार्पण

जासं • लखनऊ: राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए लवि की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने पर बदलाव अवश्य आता है। बड़े लक्ष्य रखने से बड़ी सफलता प्राप्त होती है। लवि को 10 साल आगे की योजना बनाने और समय-समय पर उसकी समीक्षा करते रहना चाहिए। साथ ही बजट के अनुसार विश्वविद्यालय को अपनी योजनाओं को आकार देना चाहिए। राज्यपाल सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय कैंपस जानकीपुरम में इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नव निर्मित भवन और दो द्वारों का लोकार्पण करने आई थीं।

उन्होंने भारत को 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उठाए जा रहे महत्वपूर्ण कदमों की चर्चा की। बताया कि इसे प्राप्त करने के लिए बजट में शिक्षा के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो अब तक का सर्वाधिक है। ऐसे विद्यार्थी जो किसी सरकारी योजना के पात्र नहीं हैं, उनके लिए प्रतिवर्ष एक लाख विद्यार्थियों को 10 लाख रुपये तक के लोन पर ब्याज में छूट की व्यवस्था है। अगले पांच वर्षों में एक करोड़ विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत भारत की शीर्ष कंपनियों में कार्य करने का अवसर मिलेगा। साथ ही, माडल कौशल लोन योजना के तहत प्रतिवर्ष 25 हजार विद्यार्थियों को 7.5 लाख रुपये तक का लोन दिया जाएगा। आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के तीन नए केंद्र स्थापित करने के लिए 255 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। कुलपति प्रो.आलोक राय ने बताया कि द्वितीय परिसर में भविष्य में छात्र हास्टल, मूट कोर्ट, टैगोर लाइब्रेरी का विस्तार और फार्मेसी संकाय में एक अत्याधुनिक आडिटोरियम का निर्माण किया जाएगा। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के ट्रिपल क्राउन लोगो के साथ विधि, आइएमएस, इंजीनियरिंग और फार्मेसी के न्यूज लेटर और प्रगति रिपोर्ट का भी अनावरण किया। उन्होंने संस्थान में निर्मित उच्च तकनीक से सुसज्जित इंडस्ट्रियल फार्मेसी और फिजिकल फार्मास्युटिकल की प्रयोगशालाओं, मशीन रूम, लेक्चर थियेटर, म्यूजियम और औषधीय पौधशाला का भ्रमण भी किया। उप कुलपति प्रो. मनुका खन्ना सहित अन्य विभागों के शिक्षक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय न्यू कैंपस में नए फार्मेसी भवन का उद्घाटन करने के बाद अवलोकन करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल साथ में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय • सूचना विभाग

नहीं दी दीक्षा सप्ताह में कार्यक्रमों की सूचना

जागरण संवाददाता • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में 10 से 15 सितंबर तक दीक्षा सप्ताह का आयोजन किया जाना है। कुलपति के आदेश पर सभी विभागों को इस सप्ताह में स्पोर्ट्स, कल्चर, डिबेट, डांस, म्यूजिक आदि कार्यक्रमों के आयोजन की सूचना निदेशक सांस्कृतिकी को भेजी जानी थी। लेकिन अब तक विभागों से यह सूचनाएं नहीं मिली हैं। कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने सभी विभागों को चार सितंबर तक अनिवार्य रूप से कार्यालय में उपलब्ध कराने के लिए कहा है। निर्धारित तिथि के बाद कोई भी प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। लवि का दीक्षा समारोह 16 सितंबर को होना है।

दो नए प्रोवोस्ट बने

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने दो शिक्षकों को नए प्रोवोस्ट की जिम्मेदारी सौंपी है। डा. शालिनी पाठक को कैलाश गर्ल्स हास्टल और डा. अकांक्षा को तिलक हास्टल का असिस्टेंट प्रोवोस्ट बनाया है। (जासं)

AMRIT VICHAR PAGE 6

जब सामने लक्ष्य बड़ा हो तो सफलता भी बड़ी मिलती है : राज्यपाल

राज्यपाल ने लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नवनिर्मित भवन और द्वार का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नव निर्मित भवन का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय में नवनिर्मित दो द्वारों का भी उद्घाटन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने युवाओं को स्वरोजगार और कौशल-आधारित शिक्षा पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि बड़ा लक्ष्य रखना चाहिए, तभी बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है। उन्होंने कहा कि नैक और एनआईआरएफ जैसे मानकों के कारण विश्वविद्यालय में सकारात्मक माहौल बना है। अब अध्यापकों के बीच आपसी सामंजस्य और सहयोग बढ़ा है। भारत सरकार सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर आगे बढ़ रही है। समाज में सभी का विकास होना चाहिए, और सबको सुविधा मिलनी चाहिए। उन्होंने युवाओं को अगले 25 वर्षों में ऐसा कार्य करने की प्रेरणा दी, जिससे भारत विश्व का नेतृत्व कर सके। इस मौके पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के ट्रिपल क्राउन लोगो के साथ विधि, आईएमएस, इंजीनियरिंग एवं फार्मेसी के न्यूज लेटर एवं प्रगति रिपोर्ट का अनावरण किया तथा संस्थान में निर्मित उच्च तकनीक से सुसज्जित इंडस्ट्रियल फार्मेसी एवं फिजिकल फार्मास्युटिकल की प्रयोगशालाओं, मशीन रूम, दो लेक्चर थियेटर, म्यूजियम एवं औषधीय पौधशाला का भ्रमण भी किया। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय की प्रगति की जानकारी साझा की।

जानकीपुरम स्थित लखनऊ विवि के द्वितीय परिसर में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नव निर्मित भवन का उद्घाटन करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, साथ में कुलपति प्रो. आलोक राय। अमृत विचार

शिक्षा क्षेत्र को अब तक का सर्वाधिक बजट मिला

राज्यपाल ने कहा देश को 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इस वर्ष के बजट में शिक्षा क्षेत्र में 1.48 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो अब तक का सर्वाधिक है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के लिए 19,025 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

1 करोड़ विद्यार्थियों को शीर्ष कंपनियों में काम करने का मौका

राज्यपाल ने कहा ऐसे विद्यार्थी जो किसी सरकारी योजना के पात्र नहीं हैं, उनके लिए प्रतिवर्ष 1 लाख विद्यार्थियों को 10 लाख रुपये तक के ऋण की ब्याज में छूट का प्रावधान किया गया है। अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत देश की शीर्ष कंपनियों में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। इसके साथ ही, मॉडल कौशल ऋण योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 25 हजार विद्यार्थियों को 7.5 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तीन नए केंद्र स्थापित करने के लिए 255 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 6

लखनऊ विवि के नवनिर्मित भवन का राज्यपाल ने किया लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लविवि के द्वितीय परिसर में आज कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के कर-कमलों द्वारा इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नवनिर्मित भवन एवं द्वितीय परिसर मे नवनिर्मित दो द्वारो का लोकार्पण एवं उद्घाटन संपन्न हुआ।इस अवसर पर माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहें।नवनिर्मित संस्थान में 13 रिसर्च लेबोरेटरी, 8 क्लासरूम, 1 कंप्यूटर लैब , 1 आडिटोरियम, 1 मशीन रूम, 1 सेंट्रल इंस्ट्रूमेंट फैसिलिटी रूम, 2 लेक्चर थियेटर, 1 स्टूडेंट एक्टिविटी रूम, 1 फैकल्टी रूम एवं 1 एनिमल हाउस की सुविधा उपलब्ध है।13 प्रयोगशालाए मुख्य रूप से इंडस्ट्रियल फार्मेसी, मेडिसिनल केमिस्ट्री, फार्मास्यूटिकल एनालिसिस, हर्बल ड्रग टेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फामाकोलॉजी एवं फामाकोग्नॉसी की है, साथ ही संस्थान में 8 कक्षाएं एवं 5000 से अधिक फार्मेसी किताबो की उपलब्धता वाली एक लाइब्रेरी है।

लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान कुलाधिपति ने संस्थान में निर्मित उच्च तकनीक से सुसज्जित इंडस्ट्रियल फार्मेसी एवं फिजिकल फामासुटिक्स की प्रयोगशालाओ, मशीन रूम, दो लेक्चर थियेटर, म्यूजियम एवं औषधीय पौधशाला का भ्रमण किया।

उन्होंने मशीन रूम में उपलब्ध टेबलेट के डिसइंटिग्रेट होने के समय के परीक्षण में प्रयुक्त डिसइंटिग्रेशन उपकरण, दर्दनिवारक दवाइओ की जांच करने वाले अनलजेसिओ मीटर, सोल्युशन की एसिडिटी निरीक्षण हेतु पी एच मीटर, दवाइओ की शुद्धता की जांच के लिए प्रयोग होने वाले मेल्टिंग पॉइंट उपकरण, क्रिस्टल्स एवं मिनरल्स की स्टडी के लिए ट्राईनोकुलर पोलराइज्ड माइक्रोस्कोप एवं डिजिटल तथा अनेलिटिकल बैलेंस की कार्यप्रणाली को देखा।

संस्थान मे भ्रमण के बाद कुलाधिपति का विश्वकर्मा सभागार मे आगमन हुओ राष्ट्रगान एवं कुलगीत की प्रस्तुति के बाद, कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय द्वारा कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत कियो अपने स्वागत उद्बोधन मे कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने नवीन परिसर को डिसेंट परिसर से संबोधित करते हुए कहा कि राज्यपाल के मार्गदर्शन में इस परिसर ने उल्लेखनीय वृद्धि देखी है।कुलपति ने बताया कि द्वितीय परिसर में 4400 छात्रों और 77 शिक्षकों की संख्या अब बढ़कर 7800 छात्रों और 150 शिक्षकों तक पहुंच चुकी है।उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य अगले वर्षों में 10,000 छात्रों की संख्या तक पहुंचना है।बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि द्वितीय परिसर में भविष्य में एक लड़कों के हॉस्टल का निर्माण, एक मूट कोर्ट, टैगोर लाइब्रेरी का विस्तार और फार्मेसी संकाय में एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण कराये जाने का लक्ष्य है । उन्होने बताया कि पिछले वर्षों में विश्वविद्यालय को परियोजनाओं के लिए 97 करोड़ रुपये आवंटित किए थे, जिसका संपूर्ण सदुपयोग करने के बाद पूरक के रूप में 2 लिफ्ट का निर्माण इंजिनियरिंग संकाय में हुआ। विश्वविद्यालय ने एनईपी के दिशानिर्देशों को अपनाने में एक पायनियर की भूमिका निभाई है, जिसमें बहु-निकासी विकल्पों के साथ लचीले स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की पेशकश की जा रही है उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश ने यह साबित कर दिया है कि यह समय उच्च शिक्षा का स्वर्णकाल है। विश्वविद्यालय की सफल कार्यान्वयन के प्रमाण के रूप में इंजिनियरिंग संकाय के छात्रों का 82फीसद प्लेसमेंट दर के साथ विधि संकाय के छात्रों ने उत्तर प्रदेश न्यायिक सेवा सिविल जज परीक्षा में 302 में से 49 सीटें हासिल की हैं। उन्होंने आगे कहा कि विधि संकाय ने विशेष रूप से प्रतिष्ठा प्राप्त की है, एनआईआरएफ में 23वां स्थान और विश्वविद्यालयों में 97वां स्थान प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त, हाल ही में हुई सीयूईटी परिणामों में जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जिसमें काउंसलिंग के पहले दिन बी.टेक की 675 में से 671 सीटें भरी गईं।कुलपति ने पीरो नियम (80:20) के बारे में अवगत कराया और सभी को इसका अनुसरण करने का प्रस्ताव रखा।इस अवसर पर कुलाधिपति ने लखनऊ विश्वविद्यालय के ट्रिपल क्राउन लोगो के साथ विधि, आई.एम.एस, इंजीनियरिंग एवं फामेर्सी के न्यूज लेटर एवं प्रगति रिपोर्ट का भी अनावरण किया।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

छात्र अपने कौशल को करें विकसित : राज्यपाल

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नवनिर्मित भवन एवं

■ लविवि द्वितीय परिसर के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

द्वितीय परिसर में नवनिर्मित दो द्वारों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहें। नवनिर्मित संस्थान में 13 रिसर्च लेबोरेटरी, 8 क्लासरूम, 1 कंप्यूटर लैब, 1 आडिटोरियम, 1 मशीन रूम, 1 सेंट्रल इंस्ट्रूमेंट फैसिलिटी रूम, 2 लेक्चर थियेटर, 1 स्टूडेंट एक्टिविटी रूम, 1 फैकल्टी रूम और 1 एनिमल हाउस की सुविधा उपलब्ध है। 13 प्रयोगशालाए मुख्य रूप से इंडस्ट्रियल फार्मेसी, मेडिसिनल केमिस्ट्री, फार्मास्यूटिकल एनालिसिस, हर्बल ड्रग टेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, फार्माकोलॉजी एवं फार्माकोग्नॉसी की है। साथ ही संस्थान में 8 कक्षाएं एवं 5000 से अधिक फार्मेसी किताबों की उपलब्धता वाली एक लाइब्रेरी है। इस दौरान कुलाधिपति ने संस्थान में निर्मित उच्च तकनीक से सुसज्जित इंडस्ट्रियल फार्मेसी एवं फिजिकल फार्मासुटिक्स की प्रयोगशालाओं, मशीन रूम, दो लेक्चर थियेटर, म्यूजियम एवं औषधीय पौधशाला का भ्रमण किया। उन्होंने मशीन रूम में उपलब्ध टेबलेट के डिसइंटिग्रेट होने के समय के परीक्षण में प्रयुक्त डिसइंटिग्रेशन उपकरण, दर्द निवारक दवाओं की जांच करने वाले अनलजेसिओ मीटर, सोल्युशन की एसिडिटी निरीक्षण के लिए पीएच मीटर, दवाओं की शुद्धता की जांच के लिए प्रयोग होने वाले मेल्टिंग पॉइंट उपकरण, क्रिस्टल्स एवं मिनरल्स की स्टडी के लिए ट्राईनोकुलर पोलराइज्ड माइक्रोस्कोप एवं डिजिटल तथा अनेलिटिकल बैलेंस की कार्यप्रणाली को देखा। संस्थान में भ्रमण के बाद कुलाधिपति का विश्वकर्मा सभागार में आगमन हुआ। राष्ट्रगान एवं कुलगीत की प्रस्तुति के बाद, कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अपने स्वागत उद्बोधन में कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने नवीन परिसर को डिसेंट परिसर से संबोधित करते हुए कहा, राज्यपाल के मार्गदर्शन में इस परिसर ने उल्लेखनीय वृद्धि देखी है। उन्होंने कहा, द्वितीय परिसर में 4400 छात्रों और 77 शिक्षकों की संख्या अब बढ़कर 7800 छात्रों और 150 शिक्षकों तक पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य अगले वर्षों में 10,000 छात्रों की संख्या तक पहुंचना है। कुलाधिपति ने अपने सम्बोधन में छात्रों से आह्वान किया कि वे केवल सरकारी नौकरियों पर निर्भर रहने के बजाय अपने उद्यमिता कौशल को विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने वर्तमान समय में सरकारी नौकरियों की सीमित उपलब्धता के कारण, छात्रों को अपनी सोच को व्यापक करते हुए नवाचार और व्यवसाय में कदम रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, स्टार्टअप एवं व्यवसाय के लिए सरकार द्वारा एक लाख छात्रों के लिए 10 लाख रुपये का ऋण प्रदान करने की योजना है, जिससे छात्रों को व्यापार में सशक्तिकरण के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो सकेंगे।

TOI PAGE 2

Set goals to take LU to new heights: Guv

Times News Network

Lucknow: Governor Anandiben Patel has directed the Lucknow University to prepare a 10-year plan for the varsity's future and make consistent efforts to achieve the goals set.

Inaugurating the newly constructed building of the Institute of Pharmaceutical Sciences and two new gates at the Lucknow University's second campus on Monday, Patel, who is also the chancellor of state universities, said, "Prepare a plan for the next 10 years, set goals, and move forward by reviewing it from time to time. LU should shape its plans according to the budget so that it can achieve the goals of long-term development. Change comes if there is determination and commitment towards work. Only when we think and do something new can we move forward." She said that LU has created a unique identity with its remarkable contribution in the field of education and research. The coming of the Institute of Pharmaceutical Sciences will further strengthen the research.

MOVING FORWARD

Emphasising the need for youth to focus more on self-employment and skill-based education, she said that one should have big goals in life; only then can big success be achieved. The governor also unveiled the newsletter and progress report of law, IMS, engineering and pharmacy departments along with the triple crown logo of LU.

LOKSATYA PAGE 2

बजट में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं: राज्यपाल

राज्यपाल ने एलयू के फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नवनिर्मित भवन व दो द्वारों का किया लोकार्पण

लखनऊ, लोकसत्य। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने आज जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज के नव निर्मित भवन का लोकार्पण एवं उद्घाटन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय में नवनिर्मित दो द्वारों का भी उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय के शैक्षिक विकास की सराहना करते हुए कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय ने शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय योगदान से एक विशिष्ट पहचान बनाई है। राज्यपाल जी ने अपने सम्बोधन में भारत को 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में उठाए जा रहे महत्वपूर्ण कदमों की चर्चा करते हुए कहा कि देश को विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत बनाने की दिशा में हम तेजी से अग्रसर हैं। इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए इस वर्ष के बजट में शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रावधान किए गए हैं। शिक्षा हेतु 1.48 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो अब तक का सर्वाधिक है। इसके अलावा, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के लिए 19,025 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे विद्यार्थी जो किसी सरकारी योजना के पात्र नहीं हैं, उनके लिए प्रतिवर्ष 1 लाख विद्यार्थियों को 10 लाख रुपये तक के ऋण की ब्याज में छूट का प्रावधान किया गया है। अगले पांच वर्षों में 1 करोड़ विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत भारत की शीर्ष कंपनियों में कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। इसके साथ ही, मॉडल कौशल ऋण योजना के अंतर्गत प्रतिवर्ष 25 हजार विद्यार्थियों को 7.5 लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा।

राज्यपाल जी ने बताया कि भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) के तीन नए केंद्र स्थापित करने के लिए 255 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

राज्यपाल जी ने यह भी बताया कि बजट में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम ऊषा) के लिए 1,814.94 करोड़ रुपये और प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा प्रोत्साहन योजना के लिए 1,558 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।